कार्यालय प्राचार्य
संतगुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय, कुरूद,
जिला– धमतरी (छ.ग.)
Website: www.govtcollegekurud.in
दूरभाष– 07705–296375, ई–मेलः pgcollegekurud@gmail.com
NAAC Accredited- B

दिनांक– 02 / 07 / 2025

।। प्रेस विज्ञप्ति ।।
''शासकीय नवीन महाविद्यालय सिर्री में प्रवेश प्रारंभ''

कुरूद– क्षेत्रीय प्रतिनिधियो की मांग पर माननीय विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री श्री अजय चन्द्राकर जी के सकारात्मक पहल एवं प्रयास पर धमतरी जिले के कुरुद ब्लॉक में नवीन शासकीय महाविद्यालय सिर्री प्रारंभ हो चुका है। शासन के निर्देशानुसार संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के अधीन शासकीय नवीन महाविद्यालय सिर्री में तीनो संकाय कला, वाणिज्य एवं विज्ञान (गणित एवं जीव विज्ञान) समूह के विभिन्न विषयों में सत्र 2025–26 से प्रवेश प्रारंभ है। कला संकाय में विषय समूह आधार–पाठ्यक्रम (हिन्दी, अंग्रेजी), इतिहास, भूगोल एवं राजनीति शास्त्र के लिए 90 सीट, बी.एस–सी. जीवविज्ञान में आधार–पाठ्यक्रम (हिन्दी, अंग्रेजी) वनस्पति शास्त्र, प्राणीशास्त्र एवं रसायनशास्त्र हेतु 45 सीट, बी.एस–सी. गणित समूह में आधार–पाठ्यक्रम (हिन्दी एवं अंग्रेजी), गणित, भौतिक शास्त्र एवं रसायनशास्त्र हेतु 45 सीट तथा बी.कॉम वाणिज्य संकाय के सभी अनिवार्य विषय हेतु 90 सीट के साथ महाविद्यालय प्रारंभ हो चुका है। यह नवीन महाविद्यालय पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से संबद्ध होगा। सिर्री महाविद्यालय में प्रवेश हेतु इक्छुक छात्र–छात्राएं पं. रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के वेबसाइट **https://exam.prsuuniv.in** पर जाकर महाविद्यालय में ऑनलाइन प्रवेश ले सकते हैं।
वर्तमान में शासकीय नवीन महाविद्यालय सिर्री अस्थाई तौर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिर्री में संचालित हो रहा है,

02/7/25
(डॉ. ए.के. मिश्रा)
प्राचार्य
PRINCIPAL
S.G.G. Govt. P.G. College
Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)